अग्रवाल महाविद्यालय के इतिहास विभाग ने मनाई सरदार पटेल की पुण्यतिथि

आज दिनांक 15- 12- 2021 को आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अग्रवाल महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा देश के पहले उप-प्रधानमंत्री व गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ॰ कृष्ण कांत गुप्ता जी की सदप्रेरणा से हुआ । प्राचार्य डॉo कृष्ण कांत गुप्ता ने कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल ने ना केवल भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उल्लेखनीय भूमिका निभाई बल्कि स्वतंत्रता के बाद भारत निर्माण में भी महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। सर्वप्रथम डॉo जयपाल सिंह ने उप-प्राचार्या श्रीमती कमल टंडन का स्वागत किया तत्पश्चात सरदार पटेल का जीवन परिचय सभी से साझा किया। उप-प्राचार्या डॉo कमल टंडन व इतिहास विभागाध्यक्ष डॉo जयपाल सिंह ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इतिहास विभाग की डॉo सुप्रिया ढांडा ने कहा कि देश की एकता-अखंडता के सूत्रधार भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल बिखरी रियासतों को एक कर के इतिहास में अमर हुए हैं। सरदार पटेल के परिनिर्वाण दिवस पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉo रामचंद्र, डॉo अशोक कुमार निराला, श्री सुभाष, श्रीमती उदिता व विद्यार्थियों ने पुष्प अर्पित कर सरदार पटेल को नमन किया।